भोला भाला तू अंजनी का लाला है बजरंग बाला भजन लिरिक्स

भोला भाला तू अंजनी का लाला,
है बजरंग बाला,
बड़ा तेरा नाम है,
कि तेरे हृदय में बसे सियाराम है,
मतवाला है संकट टाला,
भक्तों का रखवाला,
पावन तेरा धाम है,
कि तेरे हृदय में बसे सियाराम है।bd।

तर्ज – ओ फिरकी वाली।

पवनपुत्र सब तुझको है कहते,
सूरज का भक्षण हारा,
शनिदेव को तुमने हराया,
वज्र इंद्र ने था मारा,
है गदाधारी है गदाधारी,
तू बलकारी,
सारे जग से न्यारा,
है दुख भजन,
है केसरीनंदन,
काटे सभी बंधन,
यही तेरा काम है,
कि तेरे हृदय में बसे सियाराम है।bd।

तुमने सिया और राम मिलाए,
फूंकी रावण की लंका,
अक्षय और अहिरावन को मारा,
युद्ध का बजाया डंका,
सुरषा जैसी सुरषा जैसी,
डायन मारी,
मार तुम्हारी भारी,
है निराला,
तू जग का उजाला,
राम की माला
रटे सुबह शाम है,
कि तेरे हृदय में बसे सियाराम है।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

भोला भाला तू अंजनी का लाला,
है बजरंग बाला,
बड़ा तेरा नाम है,
कि तेरे हृदय में बसे सियाराम है,
मतवाला है संकट टाला,
भक्तों का रखवाला,
पावन तेरा धाम है,
कि तेरे हृदय में बसे सियाराम है।bd।

Singer – Mukesh Kumar Meena

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com